IPEF स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम आयोजित करेगा

[स्रोत: पी.आई.बी](#).

इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) ने 5-6 जून 2024 को सिंगापुर में एक **स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम** आयोजित करने का निर्णय लिया है।

- IPEF स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम IPEF के अंतर्गत की गई पहलों में से एक है, जिसे मई 2022 में लॉन्च किया गया था।
- फोरम का लक्ष्य **सतत् बुनियादी ढाँचे, जलवायु प्रौद्योगिकी एवं नवीकरणीय ऊर्जा** परियोजनाओं में निवेश एकत्रित करना है।
- यह भारत में जलवायु तकनीक उद्यमियों एवं कंपनियों को सदस्य देशों के बीच शीर्ष जलवायु तकनीक कंपनियों तथा स्टार्ट-अप को पहचानने के साथ-साथ उन्हें वैश्विक निवेशकों के सामने प्रस्तुत करने के लिये एक मंच प्रदान करेगा।
- **IPEF** में सहयोग के **चार स्तंभ** शामिल हैं, अर्थात् व्यापार, आपूर्ति शृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था तथा निष्पक्ष अर्थव्यवस्था आदि हैं।
- इसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, **फिज़ी, भारत, इंडोनेशिया, जापान,** कोरिया गणराज्य, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा वियतनाम जैसे **14 देश भागीदार** शामिल हैं।

और पढ़े... [इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ipef-to-organise-clean-economy-investor-forum